हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 26 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| मंदसौर

04 थाना सिविल लाइन पुलिस ने चंद घंटों में कार्रवाई कर चार...



07 भाजपा की सेवा संकल्प बाइक यात्रियों का पुष्पवर्षा कर किया गया ...



देव सागर तालाब पर नगर परिषद ने संभाली विसर्जन की व्यवस्था

मंगल कामना के साथ नम आंखों से दी गणपति बप्पा को विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

गणेश चतुर्थी के अवसर पर विघ्नहर्ता और मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश की घर-घर एवं सार्वजनिक स्थलों पर मंगल कामना के साथ स्थापना की गई थी। दस दिनों तक रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश प्रतिमाओं का जयकारों और मंगल कामना के साथ नम आंखों से किया के साथ विसर्जन किया गया।अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं महाआरती के बाद भक्तों ने बप्पा को विदाई दी। इस दौरान गणपति पंडालों से ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। भक्तों ने ₹गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ₹ के जयकारे लगाए। दस दिनों तक घर-घर एवं पंडालों में विराजे गणपति बप्पा को विदाई देते समय भक्तों ने सुख-समृद्धि, शुभ-लाभ एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

नगर से अधिकांश श्रद्धालु गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए देव सागर तालाब पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद द्वारा यहां विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। विसर्जन के लिए लाई गई गणेश प्रतिमाओं की पहले पूजा-अर्चना कराई गई और नगर परिषद द्वारा बनाए गए पंडाल में प्रतिमाओं को व्यवस्थित रूप से रखा गया।इसके बाद नगर परिषद की टीम द्वारा विधि-विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया। देव सागर तालाब पर प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइट की व्यवस्था भी की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद के कर्मचारी पूरे समय मौके पर मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ बप्पा को विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर से आने की मंगल कामना की।

कलेक्टर डॉ मीना व एसपी सोनी ने किया श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण



कानड़। शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने नगर कानड़ में श्री गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिमा विसर्जन सुरक्षित एवं सम्मानजनक तरीके से संपन्न कराया जाए। विसर्जन स्थल पर लाइफ जैकेट के साथ गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।साथ ही उन्होंने विसर्जन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, क्रेन व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखने हेतु कहा । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, एसडीएम, तहसीलदार आदि रहे मौजूद।

सुरक्षित एवं सम्मानजक विसर्जन के दिए निर्देश लाइफ जैकेट के साथ गोताखोरों की तैनाती के निर्देश



गणेश उत्सव पर बाल नृत्य कार्यक्रम आयोजित





कानड़। नगर में चल रहे दस दिवसीय गणेश उत्सव की धूम हर गली मोहल्ले में देखी जा रही है इसी के तहत माताजी चौराहा स्थित कानड़ के राजा गणेश प्रतिमा स्थल पर लवकुश मित्र मंडल द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार रात्रि में बाल नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर की नन्ही-नन्ही बालिकाओं ने गणेश एवं शिव भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।कार्यक्रम में बालिकाओं ने भगवान गणेश की स्तुति से लेकर शिव भजनों तक विभिन्न धार्मिक गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। ह्यजब जीत पर आ गई पार्वतीह्न सहित अन्य भजनों पर बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे और बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता में निर्णायक समिति द्वारा प्रस्तुतियों के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के पुरस्कारों की घोषणा की गई। वहीं कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाली सभी नन्ही बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए।अवसर पर लवकुश मित्र मंडल के सदस्य चिंटू गुप्ता, नवनीत राठौर, जीवन बरेठा, नितिन बरेठा, बलराम खटवा, देवेन खटवा एवं अक्षय पटेल सहित मंडल के अन्य सदस्य मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

वाहन में विराजित कर मंगल मूर्ति को ले गए विसर्जन हेतु

गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ की गूंज के साथ हुआ पार्थिव प्रतिमाओं का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ दस दिन पूर्व स्थापित की गई भगवान गणेश की पार्थिव प्रतिमाओं का पूर्ण श्रद्धा के साथ शुक्रवार को विसर्जन किया गया। रिद्धी सिद्धी के दाता व विध्नहर्ता, मंगल मूर्ति भगवान श्री गणेश की भक्ति व आराधना में दस दिनो तक रमे हुवे भक्तो ने शुक्रवार को गणेश स्थापना स्थलो से प्रतिमा विसर्जन चल समारोह नगर में निकाले जिसमें भगवान गजानंद जी की पार्थिव प्रतिमाओं को टेक्टर ट्राली, चार पहिये वाहनो के साथ अन्य सुसज्जित वाहनों में विराजित कर माँ बगलामुखी के पीछे लखुन्दर नदी पर पार्थिव प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दस दिवसीय गणेश उत्सव पर्व का शुक्रवार को हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ समापन हुआ। इसी के साथ सार्वजनिक मंचो व घर -घर विराजित गौरी पुत्र गणेश की पार्थिव प्रतिमाओं का विसर्जन माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे लखुन्दर नदी के तट पर ले जाकर भक्तो द्वारा विधि-विधान व पूजा-अर्चना कर किया गया। नगर के विभिन्न स्कूलो से सुबह 9 बजे से ही प्रथम पूज्य गजानंद की विदाई के चल समारोह निकलना ही प्रारम्भ हो गया था। जिनमे छात्र छात्राएं बैंड व ढोलक की थाप पर नृत्य करते चल रहे थे। इसी के साथ नगर के अन्य स्थानों से जहां गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी वहां से गणपतिजी की पार्थिव प्रतिमाओं के चल समारोह निकले जो माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे लखुन्दर के तट पर पहुंचे जहां पर विधिवत पूजा अर्चना कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



गोबर की प्रतिमाओं का घरों में ही किया विसर्जन

नगर में इस वर्ष कई लोगों द्वारा पर्यावरण अनुकूल गोबर की पार्थिव प्रतिमाएं स्थापित की थी। जिनमे से कई भक्तों द्वारा इन प्रतिमाओं का विसर्जन अपने घरों में ही किया गया। जिसका बाद में गमलों आदि में खाद के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।

प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था

विसर्जन स्थल पर नगर परिषद, पुलिस प्रशासन तथा राजस्व अमले द्वारा बेरिकेट्स लगाकर माकूल व्यवस्था की गई थी। जहां लखुंदर नदी तट पर नगर सहित क्षेत्र वासियों द्वारा गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ बप्पा को विदाई दी गई। प्रशासन द्वारा तय किये गए विसर्जन स्थल माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे लखुंदर नदी के तट पर भक्त शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में गणेश प्रतिमाएं विसर्जन हेतु लेकर पहुंचने लगे थे। जहाँ विसर्जन के पूर्व भक्तों द्वारा भगवान गणेश की पूजा व आरती कर विसर्जन के लिए प्रशासन द्वारा नियुक्त तैराकों को प्रतिमा सौप रहे थे जो पूर्ण श्रद्धा के साथ उन्हें लखुंदर नदी में विसर्जित कर रहे थे।

धूमधाम से हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



शामगढ़/ मंदसौर। नगर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव के समापन के अनंत चतुर्दशी पर नगर के सभी गणेश पंडालों में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का जुलूस ढोल धमाके आतिशबाजी के साथ गुलाल उड़ा कर नाचते हुए अगले बरस तू जल्दी है की गूंज के साथ विसर्जन स्थल पर आरती कर प्रतिमाओं का विसर्जन नगर परिषद द्वारा शांतिकुंज पर बने तालाब में कर्मचारियों द्वारा पूरी सुरक्षा मुस्तेदी के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया।

नपा की पी.आई.सी. बैठक में 556 प्रकरणों को मिली मंजूरी

मंदसौर। नगरपालिका परिषद की प्रेसिडेंट इन कौंसिल (पीआईसी) की बैठक कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में नपा सभापतिगण सत्यनारायण भांभी, कौशल्या बंधवार, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, शांति दिनेश फरक्या, निर्मला नरेश चंदवानी, निलेश जैन, रमेश ग्वाला, प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी पी.एस. धारवे, प्रभारी राजस्व अधिकारी मंगेश नवले, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा, कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया, पीआईसी प्रभारी राजेन्द्र नीमा सहित सभी शाखाओं के प्रमुखजन उपस्थित थे। बैठक में 556 प्रकरण पीआईसी के सम्मुख रखे गये व्यापक विचार-विमर्श के बाद सभी प्रकरणों को मंजूरी मिली।

विधायक विपिन जैन ने सीसी रोड का किया भूमिपूजन

धूल-कीचड़ और जलभराव से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

वार्ड क्रमांक 14 की रोशन कॉलोनी में लंबे समय से सड़क से जुड़ी परेशानी झेल रहे रहवासियों को अब राहत मिलने की उम्मीद है। विधायक निधि से 18 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन विधायक विपिन जैन व नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने किया । सड़क निर्माण के बाद बारिश के दौरान कीचड़ और जलभराव के साथ धूल की समस्या से भी राहत मिलेगी तथा क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा । भूमि पूजन कार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क,नाली, पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य लगातार कराए जा रहे हैं । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वार्डों में नागरिकों की मांग और आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सचिव सोमिल नाहटा, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि नियाज़ अहमद सेठ, सुदीप पाटिल, विधायक प्रतिनिधि राजनारायण लाड़,खलील पठान, विश्वास दुबे, अकरम खान, विजय जैन, विजय मारू, रवि जैन,आमीन खान, गब्बर बेग, सम्यक जैन, प्रणय धाकड़ सहित क्षेत्र के नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



सरस्वती शिशु मंदिर अंत्रालिया में प्रस्तुत किया राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण

सरस्वती शिशु मंदिर अंत्रालिया में एक समय एक स्वर, एक लय में गूंजा वन्देमातरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा / मंदसौर

विद्या भारती गरोठ ग्राम भारती चर्मणवती शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर अंत्रालिया में विद्या भारती के आह्वान पर वन्देमातरम् के सामूहिक गायन का भव्य आयोजन किया गया। देशभर में एक समय, एक स्वर और एक लय में वन्देमातरम गायन के इस राष्ट्रव्यापी आयोजन में विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक अंत्रालिया सरस्वती शिशु मंदिर के माध्यम से भाग लिया। कार्यक्रम में सरपंच गुमान सिंह चौहान , कार्यक्रम संयोजक विष्णु पाटीदार, सह-संयोजक शिव शंकर उपाध्याय, मा. वि. प्रधानाचार्य गुलाबचंद चंदेल, भूमि दानदाता रमेश धनोतिया, समाजसेवी महेंद्र धनोतिया, ग्राम पंचायत अंत्रालिया के सचिव रमेशचंद कस्तूरिया, विद्यालय संयोजक मंडल सदस्य दशरथ बैरागी, किशोर रावत, तुलसी बाई सोनी एवं सुनीता उपाध्याय उपस्थित रहे।





इसके साथ ही अभिभावक किशोर गेहलोत एवं गणपत गायरी, माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल के भैया-बहनों, सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहनों तथा आचार्य परिवार ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर कुल 244 लोगों ने एक साथ वन्देमातरम् का सामूहिक गायन कर राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। वन्देमातरम् के सामूहिक स्वर से विद्यालय परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। कार्यक्रम का जियो-टैगिंग के माध्यम से दस्तावेजीकरण भी किया गया। विद्या भारती के आह्वान पर देशभर में एक समय, एक स्वर और एक लय में आयोजित इस सामूहिक वन्देमातरम गायन को नमामि भारतम अभियान से जोड़ा गया। आयोजन के संबंध में एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किए जाने की जानकारी भी साझा की गई। यह आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर अंत्रालिया में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामूहिक चेतना का प्रेरणादाई दिखाई दिया।

मां बगलामुखी भक्त मंडल का तीसरे दिन भी जारी रहा धरना

नलखेड़ा नगर कल से बंद रहेगा अनिश्चितकालीन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर गत दिनों हुई दर्दनाक हृदय विदारक घटना में आठ लोगों की नाले में हुई मौत के बाद माँ बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा घटना वाली पुलिया के समीप विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन शासन तथा प्रशासकीय स्तर पर भक्त मंडल द्वारा की जा रही मांगों के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं किए जाने के बाद चरणबद्ध आंदोलन के तहत कल रविवार 27 सितंबर से अनिश्चितकालीन नगर बंद रखे जाने का निर्णय लिया गया है।

भक्त मंडल की मांगों के समर्थन में मां बगलामुखी मंदिर पर हवन पूजन कार्य करवाने वाले समस्त पंडित एवं आचार्य द्वारा भी हवन पूजन कार्य बंद रखे जाएंगे। इधर घटनास्थल पर किया जा रहा धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। माँ बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा बुधवार से अपनी 11 प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इन मांगों में 19 सितंबर की घटना के लिए जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग, मंदिर मार्ग पर बनी पुलिया की चौड़ाई एवं ऊंचाई तत्काल बढ़ाने के साथ अन्य मांगे सम्मिलित है। धरना तीसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। जिसमे बड़ी संख्या में भक्तगण के साथ नगरवासी, व्यापारी बंधु धरने पर बैठे।

शनिवार को भी संबंधित स्थल पर धरना प्रदर्शन यथावत जारी रहेगा धरना प्रदर्शन के तीन दिन बाद भी शासन प्रशासन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर कोई कार्रवाई न किए जाने पर मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा धरना स्थल पर आयोजित बैठक में चरणबद्ध आंदोलन के तहत 27 सितंबर से अनिश्चितकालीन नगर बंद रखे जाने का निर्णय लिया जाकर इस संबंध में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को लिखित में सूचना पत्र भी दिया गया है। बंद से अतिआवश्यक सेवाओं को मुक्त रखा गया है। भक्त मंडल की मांगों के समर्थन में मां बगलामुखी मंदिर पर हवन पूजन कार्य करवाने वाले समस्त पंडित एवं आचार्य द्वारा भी रविवार से हवन पूजन कार्य बंद रखे जाएंगे।





हृदय विदारक घटना के एक सप्ताह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ज्ञात रहे कि नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर 18 सितंबर को उड़ीसा प्रांत के भुवनेश्वर से 7 दर्शनार्थी माता रानी के दरबार मे पहुंचे थे जोकि हवन अनुष्ठान के बाद 18-19 सितंबर की दरम्यानी रात लगभग 12 बजे वापस लौट रहे थे कि मंदिर के समीप स्थित नाले की पुलिया पर तेज बहाव का पानी होने से उनकी कार बह गई थी जिसमे कार ड्राइवर सहित 8 भक्तों की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि पुलिया पर पानी होने के बाद भी वहाँ ना तो बेरिकेटिंग की गई थी ना ही सुरक्षा के लिए कोई गार्ड मौजूद नही था। इस दर्दनाक और हृदयविदारक घटना के एक सप्ताह बीत जाने पर भी प्रशासन द्वारा घटना को लेकर किसी की भी जवाबदेही तय नही की है और ना ही किसी दोषी अधिकारी पर कार्यवाही नही की है। जिसको लेकर भक्तों में आक्रोश व्याप्त है। तथा भक्त मंडल द्वारा इसको लेकर चरणबद्ध आंदोलन किए जा रहे हैं।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आज लगेगा

देवास। प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए "मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान" के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तर पर प्रति शुक्रवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार इस बार शिविर शनिवार यानी 26 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सोनकच्छ के ग्राम भौंरासा लगेगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे। विकासखंड स्तर पर आयोजित किए जा रहे शिविरों के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान स्थानीय उद्यमियों, निवेशकों एवं स्टार्टअप प्रतिनिधियों के साथ 'उद्योग संवाद' कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, स्थानीय उद्योगों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समझना तथा उनके त्वरित समाधान के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना है।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में इससे पहले गंधर्वपुरी, हाटपीपल्या, बरोठा व कन्नौद में शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

चाकूबाजी की घटना के बाद रहवासियों ने एसपी से की कड़ी कार्रवाई की मांग

थाना सिविल लाइन पुलिस ने चंद घंटों में कार्रवाई कर चार आरोपियों को किया गिरफ्तार





रहवासियों ने क्षेत्र में कथित अवैध शराब कारोबार, देह व्यापार और असामाजिक गतिविधियों पर कार्रवाई करने एसपी से की माँग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुखर्जी नगर में 24 सितंबर की रात शराब के नशे में गाली-गलौज करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना में राहुल मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एमजीएच ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे इंदौर रेफर किया। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार ईडब्ल्यूएस मुखर्जी नगर निवासी विजेंद्र मिश्रा ने शिकायत में बताया कि 24 सितंबर की रात करीब 10.15 बजे ईश्वर बैरागी शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था। विजेंद्र मिश्रा और उनके बेटे राहुल ने उसे ऐसा करने से मना किया। आरोप है कि इसके बाद ईश्वर बैरागी ने गोविंद बैरागी, राहुल हाड़ा और अमन को बुला लिया। चारों ने राहुल के साथ मारपीट की। इसी दौरान गोविंद बैरागी द्वारा चाकू से राहुल के सीने और पेट पर वार करने का आरोप है। बीच-बचाव करने पहुंची महिला कविता देवलिया के साथ भी मारपीट का आरोप लगाया गया है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने ईश्वरदास बैरागी (46), राहुल हाड़ा (39), गोविंद बैरागी (20) और अमन परमार (21) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अपराध क्रमांक 541/2026 के तहत धारा 109(1), 115(2), 296 एवं 3(5) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

रहवासियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर सौंपा आवेदन

घटना के अगले दिन 25 सितंबर को मुखर्जी नगर के रहवासी एवं समाजजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र में कथित अवैध शराब कारोबार, देह व्यापार और अन्य असामाजिक गतिविधियों का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। आवेदन में रितीक बैरागी की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की गई है। रहवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में बाहरी लोगों का जमावड़ा रहता है और पूर्व में भी विवाद की स्थिति बनती रही है। एसपी पुनीत गहलोत ने रहवासियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने सुरक्षा की मांग भी की है।

राशन वितरण में गड़बड़ी पर दुकान संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

2.60 लाख की गड़बड़ी पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न के स्टॉक में गड़बड़ी सामने आने के बाद खाद्य विभाग ने कार्रवाई की है। खातेगांव क्षेत्र के ग्राम गुन्नास स्थित वितरण केंद्र पर किए गए भौतिक सत्यापन में करीब 2 लाख 60 हजार 350 रुपए मूल्य के खाद्यान्न एवं नमक का अंतर पाया गया। मामले में दुकान की विक्रेता ममता बाई एवं सहायक विक्रेता दितेश मीणा के विरुद्ध थाना नेमावर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार मां वैष्णव स्वयं सहायता समूह सोनगांव द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान सोनगांव का संचालन किया जाता है। इस दुकान का वितरण केंद्र ग्राम गुन्नास में है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खातेगांव द्वारा दुकान का निरीक्षण एवं खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान अगस्त एवं सितंबर 2026 के लिए दुकान को आवंटित खाद्यान्न एवं नमक के स्टॉक का मिलान किया गया।जांच में सामने आया कि संबंधित विक्रेता एवं सहायक विक्रेता द्वारा आवंटित खाद्यान्न एवं नमक का भौतिक रूप से उठाव तो कर लिया गया था, लेकिन ऑनलाइन ट्रकचिट रिसीव नहीं की गई थी। इसके बाद मौके पर उपलब्ध वास्तविक स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान रिकॉर्ड में दर्ज मात्रा और मौके पर उपलब्ध खाद्यान्न की मात्रा में अंतर पाया गया। भौतिक सत्यापन में दुकान के स्टॉक में 65.48 क्विंटल गेहूं, 14.62 क्विंटल चावल तथा 3.62 क्विंटल नमक कम पाया गया। विभाग द्वारा इसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 60 हजार 350 रुपए आंकी गई है। विभागीय जांच में खाद्यान्न की कालाबाजारी किए जाने की आशंका के आधार पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधानों तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की गई है।कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खातेगांव की शिकायत पर थाना नेमावर में ममता बाई एवं सहायक विक्रेता दिनेश मीणा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में स्टॉक में बड़ी मात्रा में खाद्यान्न कम मिलने से वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद उचित मूल्य दुकानों के स्टॉक और वितरण व्यवस्था को लेकर निगरानी और जांच और सख्त होने की संभावना है।

अवैध मदिरा बिक्री की शिकायत पर शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण



देवास। अवैध मदिरा बिक्री की ग्रामीणों की शिकायत के बाद राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम डोकाकुई में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। टीम ने शासकीय भूमि पर किए गए कथित अवैध अतिक्रमण को हटाने के साथ ही वहां बनाए गए दुकान के निर्माण को भी ध्वस्त कर दिया। जानकारी अनुसार ग्राम डोकाकुई के ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत अधिकारियों से की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि डोकाकुई निवासी अनुराग एवं संदीप द्वारा शासकीय भूमि पर दुकान का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। इसके अलावा ग्रामीणों ने उक्त स्थान पर कथित रूप से अवैध तरीके से मदिरा का संग्रहण एवं बिक्री किए जाने की शिकायत भी की थी।शिकायत के बाद राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और स्थल का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा दुकान के रूप में किए गए निर्माण को भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के बाद संबंधित शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

यूज्ड वॉटर व सीवरेज प्रबंधन को लेकर कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार होटल खेड़ापति इंटरनेशनल में यूज्ड वॉटर मैनेजमेंट एवं सीवरेज प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। सहयोगी संस्था फीडबैक फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में नगर निगम के 70 से अधिक सीवरेज कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में एसडब्ल्यूएम कंसलटेंट, ट्रेनर चेतन अत्रे ने घरों, संस्थानों से निकलने वाले अपशिष्ट जल के सुरक्षित संग्रहण, सीवरेज नेटवर्क के संचालन, सीवर लाइनों की सफाई एवं रखरखाव, चोकिंग की रोकथाम और सीवेज के उचित उपचार की जानकारी दी। मैनहोल की सफाई, मशीनों एवं उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा कार्य के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर भी प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से मैनहोल की सफाई में उपयोग होने वाली मशीनों की कार्यप्रणाली समझाई गई। आयोजन की खासियत यह रही कि इसे पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट आधारित रखा गया। कार्यक्रम में पर्यावरण हितैषी सामग्री का उपयोग किया। कार्यशाला में फीडबैक फाउंडेशन से संदीप सोनी, राहुल प्रजापति, विभा गुप्ता, सोहेल पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन के अरुण तोमर ने किया।

रविवार को खुली रहेंगी बैंक की शाखाएं

देवास। 28 सितंबर से देशभर में 3 दिवसीय को देशव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया है। आम नागरिकों एवं उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए रविवार यानी 27 सितम्बर को जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सामान्य कार्यदिवस की तरह खुले रहेंगे। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि रविवार को उपभोक्ता अपने आवश्यक लेन-देन व अन्य बैंकिंग कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण कर सकेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अतिआवश्यक लेन-देन 27 सितम्बर (रविवार) को पूर्ण कर सकते हैं।

क्लब ने उत्साह के साथ मनाया गणेश उत्सव

देवास। लीनेस क्लब देवास स्टार द्वारा साधारण सभा का आयोजन कर गणेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब सदस्यों के हल्दी-कुमकुम लगाकर स्वागत से हुई। इसके बाद विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन किया गया और सभी सदस्यों ने गणेशजी का आशीर्वाद लिया। गणेश पूजन के पश्चात क्लब की साधारण सभा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।साथ ही सेवा सप्ताह के प्रोजेक्ट भी डिस्कस किए गए इस दौरान क्लब सदस्य सपना द्वारा हर्बल प्रोडक्ट्स के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई तथा उनके उपयोग और लाभों से सदस्यों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए हाउजी सहित विभिन्न रोचक खेलों का आयोजन किया गया।

डॉ. यादव का अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका पीआरएल में स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

विज्ञान के क्षेत्र में सोनकच्छ के लिए गौरव का विषय सामने आया है। नगर के डॉ. सोनू यादव और उनके सहयोगियों का मैग्नेटिक रिकनेक्शन के दौरान इलेक्ट्रॉनों के ऊर्जावान होने की प्रक्रिया पर किया गया। शोध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका पीआरएल में प्रकाशन के लिए स्वीकृत हुआ है। शोधपत्र को 24 सितंबर 2026 को स्वीकृति मिली है।शोधपत्र का शीर्षक काइनेटिक पाथवे फॉर इलेक्ट्रॉन एनर्जाइजेशन ड्यूरिंग स्ट्रॉन्ग गाइड-फील्ड मैग्नेटिक रिकनेक्शन" है।अध्ययन में यह समझने का प्रयास किया गया है कि मैग्नेटिक रिकनेक्शन के दौरान चुंबकीय ऊर्जा किस प्रक्रिया से इलेक्ट्रॉनों तक पहुंचती है। इसके लिए अमेरिका की वेस्ट वर्जीनिया विद्वविधालय स्थित प्रयोगशाला में प्रयोगात्मक अध्ययन किया गया। शोध में इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा में बदलाव और प्लाज्मा तरंगों के साथ उनके संबंध का अध्ययन किया गया।डॉ. सोनू यादव ने इंस्टीट्यूट फॉर प्लाज्मा रिसर्च से प्लाज्मा भौतिकी में पीएचडी की है और वर्तमान में वेस्ट वर्जीनिया विश्वविद्यालयमें शोधरत हैं। उपलब्धि पर परिवारजनों व नगरवासियों ने उन्हें बधाई दी।

पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने किया बप्पा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर के किड्ज़ पैलेस स्कूल, चापड़ा में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान श्री गणेश की मिट्टी से निर्मित प्रतिमा का विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ स्कूल परिसर में ही विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गणपति बप्पा की भव्य विदाई के दौरान जुलूस निकाला, ढोल-धमाकों की थाप पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया तथा अखाड़ा प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। महाआरती भारत पाटीदार एवं अमन राठौड़ द्वारा की गई। इसके पश्चात विधि-विधान से बप्पा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के बाद प्रतिमा की मिट्टी को विद्यालय परिसर में लगे गमलों में डाला गया, जिससे मिट्टी का पुनः उपयोग हो सके। इस अवसर पर स्कूल के संचालक राहुल सेंधव ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि गणेश प्रतिमा का परिसर में विसर्जन करने का उद्देश्य नदी, तालाब एवं अन्य जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाना है।


एक स्वर में गूंजा वंदे मातरम, 528 लोगों ने किया सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नमामि भारत वंदे मातरम अभियान के तहत शुक्रवार को सरस्वती विद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, आचार्यों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों एवं नगर के नागरिकों सहित कुल 528 लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर परिषद सीएमओ प्रमिला ठाकुर, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देवास विभाग सामाजिक समरसता सह-संयोजक कन्हैयालाल विश्वकर्मा एवं अध्यक्ष बंसीलाल कारपेंटर ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां भारती के पूजन से किया। कन्हैयालाल विश्वकर्मा ने वंदे मातरम् को राष्ट्रभावना का प्रतीक बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। निर्धारित समय सुबह 11 बजे सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए शामिल किए जाने की जानकारी भी दी गई। संचालन प्रदीप कुमार कारपेंटर ने किया। आभार प्राचार्य अनंतनारायण निगम ने माना।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



भौरासा। टोंकखुर्द के ग्राम रनायर गाडरी स्थित बूथ क्रमांक 20 पर शुक्रवार को भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई । भाजपा कार्यकर्ताओं ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सिंधल ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही हैं।

प. दीनदयाल की जयंती पर कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

भारतीय जनसंघ के प्रमुख विचारक एवं अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर कांटाफोड़ में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद, अंत्योदय और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की भावना को याद करते हुए उनके विचारों को समाज एवं राष्ट्र के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पटेल, पुरुषोत्तम बियाणी, सत्यनारायण तिवारी, पुरुषोत्तम चौबे, सुशील पसारी, राज टुटेजा, जगदीश राठौर, अशोक बाथम एवं सुनील राठौर पत्रकार सुनील शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बालगढ़ शिशु मंदिर में शर्मा ने बताया वंदे मातरम का गौरवशाली इतिहास

शिशु मंदिर में हुआ वंदे मातरम का सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



25 सितंबर का दिन देशभर में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के रूप में ऐतिहासिक बन गया। अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिरों में दोपहर 11 बजे एक करोड़ से अधिक लोगों द्वारा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। इसी क्रम में देवास के बालगढ़ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में भी करीब एक हजार लोगों ने एक साथ वंदे मातरम् का गायन कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भारती के प्रांत संगठन मंत्री योगेश शर्मा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में वंदे मातरम् के इतिहास और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय तत्कालीन अंग्रेजी सरकार में डिप्टी कलेक्टर थे। जब अंग्रेज सरकार ने क्वीन विक्टोरिया के सम्मान में गीत गाने का आदेश दिया, तब बंकिम चंद्र ने इसका विरोध करते हुए भारत माता की वंदना में वंदे मातरम् की रचना की। उन्होंने बताया कि गीत के प्रथम दो चरणों में भारत की प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन है, जबकि आगे के चरणों में भारत माता को शक्ति स्वरूपा के रूप में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि करीब डेढ़ सौ वर्ष बाद वंदे मातरम् को देशभर में फिर व्यापक सम्मान के साथ स्मरण किया जा रहा है। विद्या भारती द्वारा चलाए गए इस अभियान में एक करोड़ से अधिक लोगों का सामूहिक गायन राष्ट्र के प्रति एकजुटता का संदेश है। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवास की प्रथम नागरिक महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने की। उन्होंने वंदे मातरम् के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर देवासवासियों को शुभकामनाएं दीं और विद्या भारती द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के आयोजनों की सराहना की। कार्यक्रम की प्रस्तावना सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष एवं विश्व हिंदू परिषद मालवा प्रांत के सामाजिक समरसता प्रमुख शिवप्रसाद शर्मा ने रखी। कार्यक्रम में अतिथि परिचय वर्षा दुबे ने दिया। संचालन सुरेश पवार ने किया तथा आभार रामचरण पटेल ने माना। इस अवसर पर पद्मनारायण दुबे, देवकृष्ण व्यास, राजीव खंडेलवाल, नवीन सोलंकी, गणेश पटेल, गोपाल खत्री, रमेश कौशल, राहुल दायमा, नरेंद्र जैन, मनोहर पमनानी, राजेंद्र मुंदड़ा, संतोष स्वर्णकार, लीला सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

कोटि-कोटि कंठों से गूंजा वंदे मातरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम भारती शिक्षा समिति, जिला देवास द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चौबारा जागीर में 'नमामि भारतम वंदे मातरम सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 240 भैया-बहनों ने एक साथ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संयोजक गजराज सिंह सेंधव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सोनकच्छ खंड के खंड संघचालक सतीश चंद्र तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा एवं उप-स्वास्थ्य चिकित्सक अधिकारी गोपाल सेंधव उपस्थित रहे।कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय के प्रधानाचार्य भीम सिंह सेंधव ने रखी। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य नरेन्द्र सेंधव ने कराया। विद्यालय की तन्नु सेंधव, दिव्या सेंधव एवं भावना सेंधव ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन जयसिंह सेंधव, प्रधानाचार्य सन स्टार पब्लिक स्कूल ने किया। सामूहिक वंदे मातरम् गायन के दौरान विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के जयघोष से गूंज उठा।

जिला मंत्री बबेले के नेतृत्व में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने की आगवानी

भाजपा की सेवा संकल्प बाइक यात्रियों का पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से निकाली जा रही सेवा संकल्प बाइक यात्रा शुक्रवार दोपहर ललितपुर पहुंची। शहर के कसाई मंडी स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचने पर भाजपा की जिला मंत्री सोनाली बबेले के नेतृत्व में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने बाइक यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान जिला मंत्री सोनाली बबेले ने यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। बाइक यात्रा के कसाई मंडी स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचने पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने बाइक सवारों पर फूल बरसाए और तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। जिला मंत्री सोनाली बबेले ने यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया।

उन्होंने सेवा संकल्प यात्रा में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। सेवा संकल्प बाइक यात्रा का नपाध्यक्ष सोनाली जैन द्वारा सदर कांटे और नगर पालिका कार्यालय के बाहर भी स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने यात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन किया। भाजपा एवं युवा मोर्चा की सेवा संकल्प बाइक यात्रा के ललितपुर पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

भाजपा की समस्त बूथ इकाइयों में मना भाजपा के प्रेरणापुंज पं.दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिवस



उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों, भावों से अवगत कराया

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा पुंज, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता, श्रद्धेय पं.दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंती जिले के प्रत्येक बूथ पर बूथ इकाइयों द्वारा मनायी गई। भारतीय जनता पार्टी की बूथ कमेटी के साथ साथ, बूथ पर रहने बाले जिला, मण्डल स्तर के कार्यकर्ता बूथ पर रहने वाले बरिष्ठ भाजपाइयों ने भी सहभागिता की और पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण की एवं उनके विचारों की श्रंखला का आदान-प्रदान कर कार्यकर्ताओं को उनके भावों से अवगत कराया। इसी तारतम्य में रामनगर बूथ पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्ववर्ती दल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि आपका त्यागमय जीवन,राष्ट्रवादी चिंतन और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित अन्त्योदय एवं एकात्मकता मानववाद की विचारधारा हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए अनंत प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि आपके दिखाए मार्ग पर चलते हुए अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, प्रदेश मंत्री देवेश कोरी, प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड,जिला महामंत्री गौरव गौतम, बब्बू राजा बुंदेला, गन्धर्व सिंह लोधी बाबू , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर आदि उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्र पर गोदभराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम किया

गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार व नियमित स्वास्थ्य जांच की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नगर के मोहल्ला आजादपुरा स्थित वार्ड नंबर 12 में आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र लाली चौबे के यहां आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के परिजनों को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता तथा बेहतर देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम पारंपरिक रीति-रिवाजों और हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की गई।

इस अवसर पर महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने और चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सलाह का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं को बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान हरी सब्जियां, दालें, मौसमी फल, दूध सहित अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को भोजन में शामिल करना चाहिए। संतुलित आहार से मां के स्वास्थ्य के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु के विकास में भी सहायता मिलती है। कार्यक्रम में बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। इस दौरान परिजनों को छह माह की आयु तक शिशु को मां का दूध देने और इसके बाद चिकित्सकीय सलाह के अनुसार धीरे-धीरे उचित एवं पौष्टिक पूरक आहार शुरू करने की जानकारी दी गई। बच्चों के शुरुआती वर्षों में पोषण, साफ-सफाई और नियमित निगरानी के महत्व पर भी चर्चा की गई। परिजनों से बच्चों को उम्र के अनुसार संतुलित आहार देने और उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखने की अपील की गई।

आंगनबाड़ी सहायिका ज्योति कुशवाहा ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को अपने खान-पान और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पौष्टिक आहार का मां और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने महिलाओं से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। आंगनबाड़ी कार्यकत्री बेबी निरंजन ने कहा कि बच्चों के शुरुआती वर्षों में पोषण और देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। छह माह तक शिशु को मां का दूध देने के बाद चिकित्सकीय सलाह के अनुसार पूरक आहार शुरू करना चाहिए।

उन्होंने स्वच्छता, संतुलित आहार और बच्चों की नियमित निगरानी पर जोर दिया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री लाली चौबे ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। गोदभराई और अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ परिवारों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, बच्चों और उनके परिजनों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। गोदभराई और अन्नप्राशन की रस्मों के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर उत्साह और पारंपरिक माहौल दिखाई दिया। आयोजकों ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

बुंदेलखंड विकास सेना ने मंडल रेल प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

रेलवे स्टेशन पर वाहनों के प्रवेश पर रोक से श्री आनंदपुर वार्षिक मेला में आए श्रद्धालु परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बुंदेलखंड विकास सेना के कार्यकर्ताओं ने रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में निजी वाहनों एवं टैक्सियों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के तथा श्री आनंदपुर वार्षिक मेला में आये श्रद्धालुओं को होने वाली कठिनाईयों को लेकर बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख टीटू कपूर के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक झांसी मंडल के नाम से एक ज्ञापन ललितपुर स्टेशन मास्टर को सौंपा। ज्ञापन में रेलवे के इस निर्णय पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए इसे यात्रियों एवं आम जनता के लिए परेशानी का कारण बताया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में ललितपुर के निकट आनंदपुर में वार्षिक मेले का आयोजन चल रहा है, जिसके कारण रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है। इनमें बुजुर्ग, दिव्यांग तथा चलने-फिरने में असमर्थ श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। कई श्रद्धालु व्हीलचेयर के सहारे स्टेशन पहुंचते हैं। ऐसे में स्टेशन परिसर में वाहनों एवं टैक्सियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने से उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

रेलवे स्टेशन यात्रियों की सुविधा का स्थान है और वहां ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों तथा गंभीर रूप से अस्वस्थ यात्रियों को उनके वाहन से स्टेशन के प्रवेश द्वार तक पहुंचने में सुविधा मिल सके। ज्ञापन के माध्यम से रेलवे प्रशासन से मांग की कि आर. पी. एफ. के इस तुगलकी फरमान को तत्काल प्रभाव से वापिस लिया जाए अन्यथा कि स्थिति में बुन्देलखण्ड विकास सेना आंदोलन करने को बाध्य होगी। बुंदेलखंड विकास सेना के केन्द्रीय महामंत्री महेंद्र अग्निहोत्री, जिला कमांडेंट सुधेश नायक, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा ,कदीर खान , राजकुमार कुशवाहा, संतोष कुमार, प्रदीप कृष्ण बिहारी मिश्रा शंकर दयाल राजा भैया रविंद्र आदि के हस्ताक्षर हैं।

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोसाइटी फॉर प्रगति भारत का

टीबी रोगियों को वितरित की गईं पोषण पोटलियां निक्षय मित्र बनने व सहभागिता की अपील की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत उपचार प्राप्त कर रहे क्षय रोगियों को पोषण पोटलियां वितरित की गईं। सोसाइटी फॉर प्रगति भारत संस्था के सहयोग से आयोजित इस पहल का उद्देश्य टीबी रोगियों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा क्षयरोग उन्मूलन अभियान में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। जिला क्षयरोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने कहा कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने से उनके उपचार के दौरान पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे आगे आकर निक्षय मित्र बनें और राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

पीपीएम कोऑर्डिनेटर आदेश श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी के नए रोगियों की समय पर पहचान, व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता तथा टीबी रोगियों की मृत्यु दर कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि टीबी रोगियों के लिए डिफरेंशिएटेड टीबी केयर अप्रोच पद्धति को लागू करते हुए उपचार एवं देखभाल को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जोखिम वाली आबादी में टीबी स्क्रीनिंग को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रभावशाली व्यक्तियों और धर्मगुरुओं का सहयोग भी लिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता एवं जांच की सुविधाएं पहुंचाई जा सकें। कार्यक्रम के दौरान डीपीटीएस मनोज कुमार गुप्ता, दीपावली पटैरिया उपस्थित रहे।

अभिनंदनोदय में किया महामस्तिकाभिषेक

ब्रहमचर्य में ही पूरे ब्रहमांड की शक्ति समाहितः मुनि विशद सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल में पर्यूषण पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज केशिष्य मुनि विशद सागर महाराज ने जीवन में संस्कारों को श्रेयस्कर बताया और कहा ब्रहमचर्य के माध्यम से व्रतों को पालन कर अपने शरीर को मजबूत बनाकर जीवन व्यतीत करे। ब्रहमचर्य में पूरे ब्रहमाण्ड की शक्ति बत्ताते हुए उन्होने आवकों से कहा इस दिन आवक व्रत उपवास रखते हैं उनका मन पवित्र रहता है इसलिए अधिक से अधिक परमार्थ के कार्य और दान आदि देना चाहिए। नगर के अभिनंदनोदय तीर्थ में पर्यूषण पर्व समापन पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री ने कहा समाज की एकता और दिल की एकता को बलशाली बत्ताते हुए कहा समाज की एकता में ही संस्कृति सुरक्षित रहेगी।

जैन समाज क्षमाशील है पर्यूषण पर्व पर हमें जीवन में संदेश देते हैं संत सदैव समाज को एकजुटता मिलकर जुलकर रहने की सीख देते हैं। उन्होने अभिनंदनोदय तीर्थ और नवनिर्मित गुफा को विश्व की अनुपम धरोहर बताते हुए तीर्थ प्रणेता मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के उपकार को अविस्मरणीय बताया और कहा ललितपुरवासियों ने जो धर्म संस्कृति के लिए योगदान किया वह युगों युगो तक स्थाई रहेगा। धर्म सभा का शुभारम्भ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर श्रेष्ठीजनों ने किया। पूजन अभिषेक के उपरान्त श्रावको ने भगवान वासुपूज्य के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू पूजन अर्चन के साथ समर्पित किया और व्रत उपवास रखा। धर्मसभा का मंगलाचरण ब्रहमचारिणी शिल्पी दीदी एवं शुत्रा जैन मोहनी ने किया जबकि मुनि श्री के सानिध्य में तत्वार्थ सूत्र का वाचन ग्रह मचारिणी नीलूसविता, सुरभि दीदी, श्रीमति राशि जैन, नरेन्द्र मैया एवं अर्घ समर्पिण पारस प्रियंका जैन मनया ने किया।

इसके पूर्व में संदीप सराफ, सम्यक सराफ ने धर्म सभा का ध्वजारोहण किया जवकि श्री जी के अभिषेक में सौधर्म इन्द्र अंकित जैन जाखलौन, ईशान इन्द्र सुरेशचंद जैन विकास जैन, सानत इन्द्र संजीव जैन सीए, महेन्द्र जीवनधर लाल जैन एडवोकेट, चिन्तामणि रोहित जैन रायपुरवाले रहे। प्रभु के उपर छत्र का पुण्यार्जन सनत जैन खजुरिया एवं चवर का पुण्यार्जन सीए सौरन जैन सचिन जैन माताटीला परिवार ने किया एवं महाआरती अनिल जैन अंचल परिवार द्वारा की गई। जैन पंचायत के अध्यक्ष डा अक्षय टडैया ने जैन पंचायत द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में किए जा रहे योगदान को बताते हुए स्वजनों से धर्मप्रभावना में अग्रसर रहने और अप्रभावना से बचने का आव्हान किया।

सांगानेर के विद्वान जितेन्द्र शास्त्री ने संत शिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ की उत्कृष्ट साधना और उनके आशीर्वाद से संचालित प्रकल्पों को अमूल्य धरोहर बत्ताया और उन्हें भारत रत्न की उपाधि हेतु केन्द्र सरकार से मांग की। धर्मसभा का संचालन जैन पंचायत के महामंत्री आकाश जैन ने किया। नगर के पार्श्वनाथ जैन अटामंदिर, आदिनाथ बडा मंदिर, पार्श्वनाथ नया मंदिर, आदिनाथ मंदिर गांधीनगर, चन्द्रप्रभु मंदिर डोडाघाट, शान्तिनगर मंदिर गांधीनगर इलाइट जैन मंदिर, सिविल लाइन, वाहुवलिनगर श्री जी का अभिषेक हुआ जिसमें श्रद्धालुजनों ने पहुंचकर पुर्ण्याजन किया।

एनएच -44 पर अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारी

अमझरा घाटी में दो ट्रकों की भिड़ंत चेन्नई जा रहे ट्रक चालक की मौत

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित अमझरा घाटी के पास सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। आरोप है कि गलत दिशा से तेज गति और लापरवाही से आ रहे अज्ञात ट्रक ने दूसरे ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चेन्नई के लिए माल लेकर जा रहे ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर नाराहट पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रतापगढ़ जिले के जेठवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छेदी का पुरवा निवासी आकाश कुमार पुत्र हरी लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका ट्रक संख्या डी.एल. 1 एम.बी. 3926 दिल्ली से माल लोड करके चेन्नई जा रहा था। ट्रक को उनके पिता ग्राम छेदी का पुरवा प्रतापगढ़ निवासी हरी लाल पुत्र भागीरथी उर्फ बाबूलाल चला रहे थे। 21 सितंबर की रात करीब 12.56 बजे, जब ट्रक एनएच-44 पर अमझरा घाटी के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा (रॉन्ग साइड) से आ रहे एक अज्ञात ट्रक के चालक ने अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया है कि टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक चालक हरी लाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटना की सूचना संबंधित पुलिस को दी गई और शव की आवश्यक कार्रवाई की गई। हादसे के बाद कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा उनके पिता के शव का पंचनामा भरा गया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता का अंतिम संस्कार संपन्न कराया। अंतिम संस्कार के पश्चात 24 सितंबर को थाना नाराहट पहुंचकर घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

जय अम्बे रक्तदान समिति ने दो महिलाओं का जीवन बचाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जल बिहार के पावन पर्व के मौके पर रक्त वीरांगना दीप्ति पटेल ने जरूरतमंद सविता नामक महिला को अपना बहुमूल्य ब्लड रक्तदान किया तो वहीं दूसरी तरफ राकेश साहू के पुत्र को ब्लड की आवश्यकता होने पर शिवम पटेल ने तत्काल ब्लड बैंक पहुंचकर बहुमूल्य ब्लड रक्तदान किया दोनों जरूरतमंदों के परिजनों ने जय अंबे रक्तदान समिति सहित दोनों रक्त वीरों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैयालाल रजक बलराम राज सेठ सुजान पटेल संतोष पटेल सलैया हरिशंकर पटेल राम अवतार पटेल राहुल पटेल आदि रहे।

पहुंचे अपना दल एस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

राजनीति से दूर होकर अपनी बड़ी बहन के घर आयाः पटेल



ललितपुर। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल शुक्रवार को ललितपुर स्थित सिद्धन रोड के पृथ्वीपुरम (बुढ़वार हाउस) पहुंचे। यहां उन्होंने वरिष्ठ नेता रहे कीर्तिशेष पं. सुनील चौबे के छोटे भाई सुशील चौबे सहित परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। चौबे परिवार से अपने पारिवारिक संबंधों का उल्लेख करते हुए आशीष पटेल ने कहा कि वह राजनीति से दूर होकर अपनी बड़ी बहन के घर आए हैं। इस दौरान कार्यकर्ता और अन्य लोग मौजूद रहे। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ललितपुर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद वह सिद्धन रोड स्थित पृथ्वीपुरम (बुढ़वार हाउस) पहुंचे। यहां उन्होंने सुशील चौबे समेत चौबे परिवार के अन्य परिजनों से मुलाकात की और पारिवारिक कुशलक्षेम जानी। मुलाकात के बाद जब वह आवास से बाहर निकले तो मीडिया से बातचीत की। मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में आशीष पटेल ने कहा कि वह अपनी बड़ी बहन के घर आए हैं और इस मुलाकात में कोई राजनीतिक वार्ता नहीं हुई है। आशीष पटेल की बुढ़वार हाउस में हुई मुलाकात को पारिवारिक संबंधों के संदर्भ में बताया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों की मौजूदगी रही।

कलाकार की मंडलियों ने धार्मिक भजन कीर्तन किए

नेहरू नगर में घर-घर विराजे गणपति बप्पा की ढोल नगाड़ों के साथ विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मोहल्ला नेहरू नगर में जगह जगह श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों पर भगवान श्री गणेश जी की झांकिया सजाई थी अपने घरों में विराजे गणपति बप्पा की श्रद्धालुओं ने रोजाना बड़े ही श्रद्धा व भक्ति भाव से पूजा अर्चना की और रोजाना एक से बढ़कर एक धार्मिक भजन कीर्तन किये भगवान श्री गणेश जी की झांकियों पर कई गायक कलाकार की मंडलियों ने आकर एक से बढ़कर एक धार्मिक भजन कीर्तन किये भगवान श्री गणेश जी के समच्छ पंडित महेश शर्मा जी ने बड़े ही विधी विधान व मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन सम्पन्न कराया व भगवान श्री गणेश जी की बड़े ही श्रद्धाभाव व साज बाज के साथ आरती सम्पन्न कराई श्रद्धालुओं ने भी भक्ति में लीन होकर भगवान श्री गणेश जी की आरती कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने मंगलमय जीवन को सफल बनाया।

गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ पूरा मोहल्ला व गलियां गूज उठी पानी में भीगकर भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम होते दिखाई नही दे रहा था श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर ढोल नगाड़ों के बीच जमकर नृत्य किया और फिर श्रद्धालु पानी में भीगेते हुये गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुये गणपति बप्पा को ढोल नगाड़ों के बीच गोविन्द सागर बांध ले गये फिर वहां गोविन्द सागर बांध में भगवान श्री गणेश जी का विसर्जन किया गया इस धार्मिक कार्यक्रम में पंडित महेश शर्मा, आदेश यादव, हरिओम शर्मा, सर्वेश नारायण पटेरिया,अर्जुन शर्मा,आरती शर्मा, हरिता यादव, विष्णु प्रताप बुन्देला, अजय राजा, सौरभ राजा, संदीप प्रजापति, मोहित राजा, चन्द्रप्रकाश, ऊं बबले आदि उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की विशेष संगठनात्मक बैठक आयोजित

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं, ये कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मंदसौर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा की विशेष संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री मोना सुस्तानी उपस्थित रहीं। उन्होंने आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मोना सुस्तानी ने आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर पहुंचकर महिलाओं के बीच सक्रियता बढ़ाएं। केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य कर रही है। महिला उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, महिलाओं से सीधा संवाद करें और आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम को सफल बनाएं।

कार्यों में नवाचार का आग्रह

बैठक में प्रियंका गोस्वामी ने भी अपने विचार रखते हुए सेवा कार्यों में नवाचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आंगनवाड़ी केंद्रों पर जाकर कुपोषित बच्चों एवं एनीमिया से पीड़ित महिलाओं की पहचान करें तथा यह विचार करें कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर नई सेवा के रूप में क्या कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने सक्षम कार्यकर्ताओं से कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की बेहतर देखभाल करने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर मंदसौर नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निरंतर 25 वर्षों तक जनसेवा की है और उनका जीवन सेवा को समर्पित रहा है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा कार्यों को आगे बढ़ाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जा सकती है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन प्रेरणादायी: सांसद गुर्जर

मंदसौर। भाजपा उत्तर व दक्षिण मण्डल के द्वारा संयुक्त रूप से पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मजयंति के अवसर जिला चिकित्सालय के सामने स्थित पं. दीनदयाल उद्यान में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा जिला उपाध्यक्षगण सुनील जैन महाबली, विनय दूबेला, जिला मंत्री पुलकित पटवा, भाजपा पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार, आदि ने पं. दीनदयालजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा भाजपा संगठन के निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया।

भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने अपने सम्बोधन में कहा कि पं. दीनदयालजी उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणादायी है। उन्होंने हमें चरैवेति-चरैवेति का मंत्र दिया तथा दरिद्र नारायण अर्थात गरीबों की सेवा की प्रेरणा दी। उन्हीं की प्रेरणा से केंद्र सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार काम कर रही है। पं. दीनदयालजी का



सम्पूर्ण जीवन भी कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणादायी रहा है। उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव में जन्मे पं. दीनदयालजी ने उच्च शिक्षा प्राप्त की वे चाहते तो सरकारी नौकरी कर आनंद का जीवन जी सकते थे लेकिन उन्होंने राष्ट्र के निर्माण के मिशन को चुना तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रथम महामंत्री बने। उन्होंने प्रदेश में भ्रमण कर विचारधारा के पोषण का कार्य किया। आज हम सभी उन्हें नमन करते हैं।

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री मध्यप्रदेश अजय जामवाल लेंगे भाजपा की संभागीय बैठक

मंदसौर। भाजपा संगठनात्मक दृष्टि से मंदसौर संभाग के गठन के बाद प्रथम संभागीय बैठक क्षेत्रिय संगठन महामंत्री मध्य प्रदेश एवं नव मनोनीत संगठन महामंत्री महाराष्ट्र अजय जामवाल के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय मंदसौर स्थित शुभकामना रिसोर्ट पर दोपहर 3 बजे सम्पन्न होगी।



संभागीय बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा, प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, कैबिनेट मंत्री चौतन्य कश्यप, किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद अनिल फिरोजीया, सांसद अनिता नागरसिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्षगण राजेश दीक्षित, प्रदीप उपाध्याय, वंदना खण्डेलवाल, विधायकगण हरदिपसिंह डंग, चंदरसिंह सिसौदिया, ओमप्रकाश सकलेचा, दिलीपसिंह परिहार, माधव मारू, राजेन्द्र पाण्डे, चिंतामणी मालवीय, मथुरालाल डामोर, मंदसौर, रतलाम, नीमच के जिला भाजपा संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, विवेक जोशी, सुभाष पटेल सहीत अन्य अपेक्षित श्रेणी के जनप्रतिनिधिगण संगठन पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

एक स्वर, एक लय में गूंजा वन्दे मातरम

विश्व कीर्तिमान हेतु सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान में सामूहिक गायन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत वातावरण में सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान की समस्त शाखाओं द्वारा एक स्वर, एक लय में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। विद्या भारती के आह्वान पर देशभर में विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों एवं संस्थानों से जुड़े एक करोड़ से अधिक प्रतिभागियों द्वारा एक समय, एक स्वर और एक लय में वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

आयोजित इस राष्ट्रव्यापी अभियान में संस्थान के भैया-बहनों, समाजजनों, अभिभावकों, आचार्य परिवार एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक निर्धारित समय प्रातः 11 बजे एक साथ, एक लय, एक स्वर में वन्दे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए संस्थान की विभिन्न शाखाओं द्वारा यशोधर्मनसभागार, रामचरितमानस सभागार एवं अन्नपूर्णा सभागार पर सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीनों स्थानों पर मंचाशीन अतिथियों द्वारा वन्देमातरम के विषय पर उद्बोधन दिया गया, तीनों स्थानों पर 2212 की संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों ने निर्धारित समय पर एक साथ वन्दे मातरम का गायन किया।

सामूहिक गायन के दौरान सम्पूर्ण परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। भैया-बहिनों एवं उपस्थित सभी जनों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ वन्दे मातरम का गायन किया। इस वन्दे मातरम के जयघोष से गूंजा सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान - एक स्वर, एक लय और एक संकल्प के साथ राष्ट्रभक्ति का यह आयोजन ऐतिहासिक सहभागिता का साक्षी बना।

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया का दौरा आज

मंदसौर। प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया 26 सितंबर को मंदसौर जिले के भ्रमण पर रहेगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सुश्री भूरिया 26 सितंबर को प्रात: 11:00 बजे जिले की लखमा खेड़ी आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में सम्मिलित होगी। इस दौरान पौधारोपण हितग्राहियों से चर्चा तथा पुरस्कार वितरण होगा। इसी दिन 11:50 बजे सर्किट हाउस मंदसौर आगमन होगा। मंदसौर में दोपहर 12:15 बजे उत्कृष्ट विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान तथा राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम में शामिल होंगी। दोपहर 1:30 बजे मंदसौर शहर के आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सेवा अंतर्गत बच्चों तथा महिलाओं के स्वास्थ्य जांच कैंप में शामिल होंगी। दोपहर 3:00 बजे पार्टी बैठक में सम्मिलित होकर मंदसौर से ही शाम 6:00 बजे झाबुआ के लिए प्रस्थान कर जाएगी।

मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

आगामी मद्य निषेध सप्ताह 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक की अवधि में जिले में कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह के निर्देशन में कई कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य मद्यपान तंबाकू गुटका सिगरेट की लत तथा नशीले मादक द्रव्य पदार्थों के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों तथा समाज को अवगत कराना नशाबंदी के पक्ष में वातावरण एवं चेतना का निर्माण करना है।

तंबाकू सिगरेट की लत तथा नशीले मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना उद्देश्य

मद्यनिषेध सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस 2 अक्टूबर को नशा मुक्ति के लिए जन जागृति के लिए रैली का आयोजन होगा, नुक्कड़ नाटक मंचन होंगे, नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा मुक्ति पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी, सम्मिलित जन समूह को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई जाएगी। 3 अक्टूबर को स्कूलों में नशा मुक्ति विषय पर प्रतियोगिताएं, प्रश्न मंच, संगोष्ठी आयोजित किए जाएंगे। नशा पीड़ितों के उपचार के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। 4 अक्टूबर को ग्राम सभा में नशा मुक्त ग्राम बनाने संबंधी प्रस्ताव पारित कराए जाएंगे, नशाबंदी साहित्य का वितरण होगा। 5 अक्टूबर को ग्राम स्तर नगर स्तर पर स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किए जाकर ग्रुप में नशा मुक्ति के संदेश तथा जन जागरूकता के लिए लघु फिल्में प्रेषित की जाएगी।

6 अक्टूबर को समस्त महिला स्वास्थ्य सहायता समूह शौर्य दलों द्वारा स्थानीय स्तर पर नशा मुक्ति संदेश का प्रचार प्रसार अभियान चलाया जाएगा। 7 अक्टूबर को ग्राम स्तर शहरी स्तर पर नशा मुक्ति अभियान के लिए बनाए गए मास्टर वॉलिंटियर नशा मुक्ति मित्रों के माध्यम से सभी स्कूल कॉलेज में अनिवार्यता ऑनलाइन नशा मुक्ति शपथ दिलाई जाएगी। 8 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर साप्ताहिक कार्यक्रम का जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, नशा मुक्ति पर आधारित नाटक मंचन आदि होंगे। आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण तथा सहभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। सप्ताह के सातों दिन नशा नहीं करने की शपथ दिलाई जाएगी।

थाना प्रभारी पर फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

मंदसौर। अपर सत्र न्यायाधीश श्रृंखला न्यायालय सीतामऊ मुनेन्द्र सिंह वर्मा द्वारा आरोपी अमजद पिता असगर खान पठान उम्र 47 साल निवासी ग्राम नयाखेड़ा थाना सीतामऊ जिला मंदसौर व सह अभियुक्तगण को पुलिस पर फायरिंग करने के अपराध में दोषी पाते हुये मुख्य आरोपी अमजद खान पठान को 05 वर्ष व सह अभियुक्तगण को 02-02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया गया। अभियोजन मीडिया प्रभारी/एडीपीओ बलराम सोलंकी द्वारा घटना के बारे में बताया कि दिनांक 23.11.2020 थाना प्रभारी अमित सोनी थाने से लंबित अपराधों की विवेचना में कस्बा भ्रमण हेतु गया था। भ्रमण के दौरान उन्हें मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बेलारी का ईनामी फरार आरोपी अमजद खान वाहन क्रमांक एमपी 03 सी 1050 से घर आया हुआ है। उक्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अमित सोनी और आरक्षक जितेन्द्र ग्राम बेलारी पहुंचे। इमरान खान के मकान के सामने कय्युम लाला, व चार अन्य लोग अमजद खान से चर्चा कर रहे थे, तभी अमजद खान को आवाज देकर पास बुलाया तो उसके साथी कय्युम लाला ने देखा कि यह तो टी.आई. है, इतने में आरोपी अमजद खान ने चिल्लाते हुये जेब से पिस्टल निकालकर टी.आई. अमित सोनी पर फायर किया, जो बंदूक की गोली उसके कान के पास से रगड़ती हुई निकल गई थी। फरियादी टी.आई. अमित सोनी ने थाने पर उक्त घटना की सूचना दी जिस पर से उनि. कपिल सौराष्ट्रीय मय हमराह फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचा, जहां पर आरोपीगण फरार हो गये थे, उनकी तलाश की गई नहीं मिलने पर घटना कि रिपोर्ट थाना सीतामऊ पर अपराध क्रमांक 674/2020 के अंतर्गत शासकीय कार्य में बाधा सहित हत्या के प्रयास में आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजी कर अनुसंधान के दौरान पुलिस द्वारा आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया और आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त हथियार जप्त किये गये। अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया था। अभियोजन पक्ष द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष पीडित सहित अन्य गवाहो के कथन करवाये गये थे अभियोजन साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण को दोषी मानते हुये न्यायालय ने मुख्य आरोपी अमजद खान को 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं सह अभियुक्तगण को 02-02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दण्डित किया गया।

शासन की योजना की मदद से किराने की दुकान लगाई, विनोद का जीवन खुशहाल हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शासन की योजना की मदद से मंदसौर जिले के ग्राम नांदवेल के रहने वाले विनोद खराड़ी के जीवन में खुशहाली आई है। विनोद 12वीं तक शिक्षित है परिवार में 5 सदस्य हैं। घर की खराब आर्थिक स्थिति के चलते उन्हें रोजगार की आवश्यकता थी, समाचार पत्रों के माध्यम से शासन की भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना की जानकारी मिली विनोद ने मंदसौर जनजाति कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग में संपर्क किया। कार्यालय द्वारा योजना की विस्तृत जानकारी विनोद को दी गई। इसके बाद विनोद द्वारा समस्त पोर्टल पर एमपी ऑनलाइन के माध्यम से अपना आवेदन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया।

लगभग 2 वर्ष पूर्व विनोद ने गांव में किराना की दुकान का व्यवसाय प्रारंभ किया मेहनत और लगन के कारण उनकी दुकान अच्छी चलती है उनके परिवार की मासिक आय अब लगभग 20 से 22 हजार रुपए प्रत्येक माह हो जाती है।

निःशुल्क आयुर्वेद सर्व रोग चिकित्सा शिविर संपन्न

मंदसौर। 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर थीम ह्वस्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेदह्व के अंतर्गत कलेक्टर दिव्यांक सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. बिंदु ध्रुव के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं जिला आयुष विभाग द्वारा जामा मस्जिद के पास वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर विशाल नि:शुल्क आयुर्वेद सर्व रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुष अधिकारी डॉ. बिंदु ध्रुव, उपस्थित अतिथिगण एवं स्थानीय पार्षद द्वारा भगवान धन्वंतरि का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों से संबंधित नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। मौसमी बीमारियों, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, त्वचा रोग, पेट संबंधी रोग, पैरालिसिस तथा बालिकाओं एवं महिलाओं से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में डॉ. कैलाशचंद्र मालवीय, डॉ. कमलेश धनोतिया, डॉ. शिल्पा मंडवारिया एवं डॉ. मोनिका यादव द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गईं। चिकित्सकों ने मरीजों को उपचार एवं औषधियों के साथ-साथ आयुर्वेदिक जीवनशैली, संतुलित आहार-विहार, योगासन एवं स्वस्थ दैनिक दिनचर्या के संबंध में भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

पिपली वाले बालाजी मंदिर में महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर के प्रसिद्ध पुराना बस स्टैंड स्थित पिपली वाले बालाजी मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय सप्ताह जी का गुरुवार को धार्मिक उल्लास के साथ समापन हुआ। सप्ताहभर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ लिया। समापन अवसर पर गुरुवार दोपहर विशेष धार्मिक आयोजन के पश्चात विधि-विधान से महाआरती की गई। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। महाआरती के बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी मौजूद रहे। सप्ताह जी के दौरान प्रतिदिन धार्मिक वातावरण बना रहा तथा भजन-कीर्तन से मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आया। आयोजन के समापन पर आयोजकों ने सप्ताह जी में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया

विद्यार्थियों को समाज व राष्ट्र के प्रति सेवा भाव रखने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



शासकीय महाविद्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत (सेवा चित्र) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता, संयोजक प्रो. दिव्यांश शर्मा , प्रो पितरुष धुर्वे, प्रो कनिज अंसारी, डॉ. वंदना चुटेल, ललित कुमार शर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा , ग्रंथपाल डॉ. पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार ने छात्र-छात्राओं को सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य महत्व के संबंध मे विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति सेवा भाव रखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु निर्णायक समिति पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, अंकित सिंह ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया।

नमामि वंदे मातरम के अंतर्गत सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़/मंदसौर

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में नमामि वंदे मातरम अभियान के अंतर्गत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 25 सितंबर 2026, शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, शामगढ़ में सामूहिक वंदे मातरम गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों, आचार्य परिवार, पूर्व छात्र, समिति सदस्य, समाजजन, मीडिया प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अमृत जैन, (कोषाध्यक्ष, विवेकानंद शिक्षण समिति, शामगढ़) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सुरेश यादव, (मुख्य नगर कार्यपालन अधिकारी, शामगढ़), विशेष अतिथि बंसीलाल कारपेंटर (प्राचार्य, शा.उमावि शामगढ़), श्रीराम चौहान (उपाध्यक्ष, विवेकानंद शिक्षण समिति शामगढ़) तथा राजेश जी पाटीदार (सचिव, विवेकानंद शिक्षण समिति, शामगढ़) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

हाईकोर्ट के निर्देश पर हुई कार्रवाई एसडीएम ने प्राचार्य को सौंपी चाबियां

विदिशा। प्रशासन ने बुधवार को कनारा क्रिकेट ग्राउंड का अधिकार स्कूल प्रबंधन को सौंप दिया। एसडीएम मनीष जैन, तहसीलदार प्रीतिपंथी और पुलिस बल की मौजूदगी कार्रवाई की गई। मैदान से जुड़े अलग-अलग स्थानों के ताले और उनकी चाबियां भी स्कूल के प्राचार्य को सौंप दी गईं। अब मैदान के उपयोग और व्यवस्थाओं को लेकर स्कूल प्रबंधन की भूमिका स्पष्ट हो गई है। एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि मैदान पर क्रिकेट प्रशिक्षण पहले की तरह जारी रहेगा। आम नागरिक भी मैदान का उपयोग कर सकेंगे, लेकिन स्कूल के बच्चों की खेल गतिविधियों और उनकी सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी।

जिला पंचायत राजगढ़ की साधारण सभा की बैठक आयोजित

जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला पंचायत सभाकक्ष में अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत लाल यादव सहित सभी जिला पंचायत सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के अनुसार जिले में संचालित विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास तथा महिला एवं बाल विकास से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिला पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं व आवश्यकताओं को सदन के समक्ष रखा और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने तथा स्वीकृत निर्माण कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराने की बात कही।मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने एजेंडा बिंदुओं की प्रगति प्रस्तुत की और संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया ने कहा कि जिले के ग्रामीण अंचलों का समग्र विकास और आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया।

